सुफलम 2024

[स्रोत: पी.आई.बी.](#)

स्टार्ट अप फोरम फॉर एस्पायरिंग लीडर्स एंड मेंटर्स- सुफलम (Start Up Forum for Aspiring Leaders and Mentors-SUFLAM) 2024 ने खाद्य प्रसंस्करण के विभिन्न पहलुओं में नवाचार, सहयोग और उन्नत प्रौद्योगिकियाँ खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में **स्टार्ट-अप** को स्थापित खाद्य व्यवसायों में बदलने में प्रमुख प्रेरक की भूमिका निभाई। इसका उद्घाटन **केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय** ने किया।

- इस आयोजन में **स्टार्टअप सहिावलोकन, खाद्य विनियिम** तथा स्टार्टअप के लिये **व्यवसाय एवं** वित्तीय मॉडलिंग **पर ज्ञान सत्र** शामिल थे।
- खाद्य प्रणालियों को बदलने से जुड़ी पैनल चर्चा **खाद्य सुरक्षा मानकों** को पूरा करने एवं आपूर्ति शृंखलाओं को अनुकूलित करने हेतु कच्चे माल के विविधीकरण, शैवाल एवं मिलेट्स जैसे जलवायु-अनुकूल विकल्पों तथा उद्यमिता में रचनात्मकता पर केंद्रित थी।
- स्टार्टअप्स को **गुणवत्तापूर्ण कच्चे माल की सोर्सिंग, किसानों के साथ सहयोग** करने और **प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों तथा टिकाऊ पैकेजिंग** में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रोत्साहित किया गया।
- दो पिचिंग सत्रों ने स्टार्टअप्स को विशेषज्ञों के एक पैनल के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत करने तथा सलाह व समर्थन प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया।

और पढ़ें: भारत में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sufalam-2024